भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2907**

उत्तर देने की तारीख- 12/12/2024

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान**

2907. डॉ. मन्ना लाल रावत:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अभियान के तहत राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से निकट भविष्य में उक्त अभियान के तहत किए जाने वाले संभावित कार्यों का मंत्रालय-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (ग):** माननीय प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य 5 वर्षों में 63,843 गांवों में बुनियादी ढांचे के अंतरों को भरना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातियों को लाभान्वित करते हुए आजीविका के अवसर प्रदान करना है।

प्रत्येक मंत्रालय को अभियान के तहत बजट और लक्ष्य आवंटित किए गए हैं और वह सौंपे गए उपाय को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। अभियान का उद्देश्य अभिसरण और आउटरीच (पहुंच) के माध्यम से संतृप्ति प्रदान करना है। अभियान का कुल बजटीय परिव्यय 79,156 करोड़ रुपये है (केंद्रीय हिस्सा: ₹56,333 करोड़ और राज्य हिस्सा: ₹22,823 करोड़)। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियों की वास्तविक निर्मुक्ति, किसी विशेष राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अभियान के अंतर्गत कवर किए जाने वाले लाभार्थियों की वास्तविक संख्या, जो अनुमोदित मानदंडों के अनुसार संबंधित उपायों के विशिष्ट दिशानिर्देशों की पात्रता मानदंडों के अनुसार है और निर्धारित दिशानिर्देशों/प्रक्रियाओं के अनुसार संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अधीन है। अभियान के अंतर्गत मंत्रालय-वार विभिन्न उपायों और लक्ष्यों का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

**"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" के संबंध में डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा 12.12.2024 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2907 के उत्तर के लिए भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक:**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत मंत्रालय-वार विभिन्न उपायों और लक्ष्यों का विवरण

| क्र.सं. | मंत्रालय | उपाय/ (योजना) | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) | पक्के मकान- (पीएमएवाई)- ग्रामीण | 20 लाख मकान |
| | | सम्पर्क सड़क - (पीएमजीएसवाई) | 25000 किमी सड़क |
| 2 | जल शक्ति मंत्रालय | जल आपूर्ति-जल जीवन मिशन (जेजेएम) | (i) हर पात्र गांव<br>(ii). 5,000 बस्तियाँ ≤ 20आवास |
| 3 | विद्युत मंत्रालय | घरों का विद्युतीकरण- (नवस्वरूपित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) | अविद्युतीकृत आवास और असंबद्ध सार्वजनिक संस्थान |
| 4 | नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय | ऑफ-ग्रिड सोलर कनेक्शन - नई सौर ऊर्जा योजना | (i) प्रत्येक अविद्युतीकृत आवास और सार्वजनिक संस्थान जो ग्रिड के माध्यम से कवर नहीं किए गए हैं। |
| 5 | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | सचल चिकित्सा इकाइयाँ- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | 1000 तक एमएमयू |
| | | आयुष्मान कार्ड - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई)- एनएचए | अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पात्र एचएच को शामिल किया गया |
| 6 | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय | एलपीजी कनेक्शन-(पीएम उज्ज्वला योजना) | 25 लाख एचएच (परिवार) (मूल योजना के अंतर्गत स्वीकृत लक्ष्यों के अधीन) |
| 7 | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | आंगनबाडी केन्द्रों की स्थापना - पोषण 2.0 | 8000 (2000 नये आंगनवाड़ी केंद्र) और 6000 का सक्षम एडब्ल्यूसी में उन्नयन) |
| 8 | शिक्षा मंत्रालय | छात्रावासों का निर्माण-समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) | 1000 छात्रावास |
| 9 | आयुष मंत्रालय | पोषण वाटिकाएँ- राष्ट्रीय आयुष मिशन | 700 पोषण वाटिकाएँ |
| 10 | दूरसंचार विभाग | 4जी/5जी नेटवर्क - सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (डीओटी) | 5000 गांव |
| 11 | कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय | कौशल भारत मिशन (मौजूदा योजनाएँ)/प्रस्तावित | जनजातीय जिलों में कौशल केंद्र |
| | | | 1000 वीडीवीके, जनजातीय समूह आदि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय | सहयोग से जनजातियों के लिए डिजिटल पहलें | पीएम गतिशक्ति पोर्टल के साथ मंत्रालय विशिष्ट पोर्टलों का विकास और एकीकरण |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | टिकाऊ (सतत) कृषि को बढ़ावा देना - कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाएं | एफआरए पट्टा धारक (~2 लाख) |
| 14 | मत्स्य पालन विभाग | मछली पालन सहायता-प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) | 10,000 समुदायिक और 1,00,000 व्यक्तिगत लाभार्थी |
| | पशुपालन एवं डेयरी विभाग | पशुधन पालन- राष्ट्रीय पशुधन मिशन | 8500 व्यक्तिगत/समूह लाभार्थी |
| 15 | पंचायती राज मंत्रालय | एफआरए पर क्षमता निर्माण - राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) | एफआरए से संबंधित उप मंडल, जिला और राज्य स्तर पर सभी ग्राम सभाएं और संबंधित अधिकारी |
| 16 | पर्यटन मंत्रालय | जनजातीय गृहप्रवास (होम स्टे) - स्वदेश दर्शन | 1000 जनजातीय गृहप्रवासों के लिए 5 लाख रुपये प्रति इकाई (नए निर्माण के लिए), 3 लाख रुपये (नवीनीकरण) और ग्राम समुदाय की आवश्यकता के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता । |
| 17 | जनजातीय कार्य मंत्रालय | पीएमएएजीवाई | अन्य उपायों को शामिल करके एससीए का दायरा जनजातीय विकास/पीएमएएजीवाई तक बढ़ाना* |

*100 जनजातीय बहुउद्देश्यीय विपणन केंद्र, आश्रम विद्यालयों, छात्रावासों, सरकारी/राज्य जनजातीय आवासीय विद्यालयों की अवसंरचना में सुधार, सिकल सेल रोग (एससीडी) के लिए सक्षमता केंद्र और परामर्श सहायता, एफआरए और सीएफआर प्रबंधन उपायों के लिए सहायता, एफआरए प्रकोष्ठ (सेल) की स्थापना और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जनजातीय जिलों के लिए प्रोत्साहन के साथ परियोजना प्रबंधन निधियां।

*****